Seat No. : _______________

MI-215

May-2025

B.A., Sem-II

DSC-C-HIN.-122 : Hindi

आधुनिक हिन्दी उपन्यास (चित्रलेखा)

Time : 2:00 Hours] **[Max. Marks : 50**

सूचना : दाहिनी ओर लिखे गये अंक प्रश्नों के गुणांक हैं ।

1. "भगवतीचरण वर्मा के साहित्य की मूल चेतना वैयक्तिक है या सामाजिक ।" कथन पर विचार कीजिए । **10**

अथवा

1. 'चित्रलेखा' उपन्यास की कथा-वस्तु पर सविस्तार प्रकाश डालिए । **10**

2. 'चित्रलेखा' उपन्यास की वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार कीजिए । **10**

अथवा

2. 'चित्रलेखा' उपन्यास के शीर्षक पर विचार करते हुए उसमें निहित उद्‌देश्य को स्पष्ट कीजिए । **10**

3. 'चित्रलेखा' उपन्यास की चरित्र-योजना पर प्रकाश डालिए । **10**

अथवा

3. 'चित्रलेखा' उपन्यास के पात्र बीजगुप्त का चरित्र-चित्रण कीजिए । **10**

4. निम्नलिखित पद की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : **10**

(क) "प्रेम का संबंध आत्मा से है, प्रकृति से नहीं । जिस वस्तु का प्रकृति से संबंध है, वह वासना है क्योंकि वासना का संबंध बाह्य से है । वासना का लक्ष्य वह शरीर है जिस पर प्रकृति ने कृपा करके उसको सुंदर बनाया है । प्रेम आत्मा से होता है शरीर से नहीं ।"

अथवा

(ख) "संसार में पाप कुछ भी नहीं है, वह केवल मनुष्य के दृष्टिकोण की विषमता का दूसरा नाम है – जो कुछ मनुष्य करता है, वह उसके स्वभाव के अनुकूल होता है और स्वभाव प्राकृतिक है । मनुष्य अपना स्वामी नहीं है, विवश है । वह कर्ता नहीं है, वह केवल साधन है । फिर पुण्य और पाप कैसा ?"

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए : **10**

(1) मौर्य साम्राज्य की सेना जनपद का सदस्य निम्न में से कौन था ?

(a) बीजगुप्त (b) विशालदेव (c) श्वेतांक (d) कुमारगिरि

(2) श्वेतांक के अनुसार पापी कौन है ?

(a) मृत्युंजय (b) धन्वंतरि (c) कुमारगिरि (d) विशालदेव

(3) कुमारगिरि ने माया और ब्रह्म के संयोग को क्या कहा है ?

(a) ममत्व (b) शांति (c) वीरत्व (d) संसार

(4) सम्राट चन्द्रगुप्त के प्रधानमंत्री थे –

(a) कौटिल्य (b) चाणक्य (c) रजक (d) धन्वंतरि

(5) भगवतीचरण वर्मा की साहित्य अकादमी से पुरस्कृत रचना है –

(a) भूले बिसरे चित्र (b) चित्रलेखा

(c) टेढ़े-मेढ़े रास्ते (d) तीन वर्ष

(6) चित्रलेखा किस नगर की नर्तकी थी ?

(a) उज्जयिनी (b) पाटलीपुत्र (c) काशी (d) कन्याकुमारी

(7) चित्रलेखा ने किसके प्रणय को स्वीकार नहीं किया ?

(a) कुमारगिरि (b) बीजगुप्त (c) विशालदेव (d) मृत्युंजय

(8) सामंत मृत्युंजय की कन्या कौन थी ?

(a) चित्रलेखा (b) यशोधरा (c) कल्याणी (d) इनमें से कोई नहीं

(9) 'चित्रलेखा' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष है –

(a) 1934 (b) 1936 (c) 1942 (d) 1938

(10) महाप्रभु रत्नाम्बर के कितने शिष्य थे ?

(a) तीन (b) चार (c) दो (d) आठ

(11) भगवतीचरण वर्मा का जन्म कब हुआ ?

(a) 1900 (b) 1911 (c) 1907 (d) 1903

(12) बीजगुप्त अपनी सारी संपत्ति किसको दे देता है ?

(a) कुमारगिरि (b) श्वेतांक (c) विशालदेव (d) इनमें से कोई नहीं